(2)

# INDIA NON JUDICIAL

## Government of Uttarakhand

### e-Stamp

सत्यमेव जयते

DEEPAK PANGTEY ★ LICENSED STAMP VENDOR ★ HALDWANI

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UK65520872645110U |
| Certificate Issued Date | : | 14-Jan-2022 02:26 PM |
| Account Reference | : | NONACC (SV)/ uk1257404/ HALDWANI/ UK-NT |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UKUK125740435530055930206U |
| Purchased by | : | NIRMALA SOCIAL RESURCH AND DEVELOPMENT SOCIETY |
| Description of Document | : | Article Miscellaneous |
| Property Description | : | NA |
| Consideration Price (Rs.) | : | 0 (Zero) |
| First Party | : | NIRMALA SOCIAL RESURCH AND DEVELOPMENT SOCIETY |
| Second Party | : | NA |
| Stamp Duty Paid By | : | NIRMALA SOCIAL RESURCH AND DEVELOPMENT SOCIETY |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 100 (One Hundred only) |

NOTARY ★ GOVT. OF UTTARAKHAND ★ Waseem Ahmad Notary Haldwani Dt. Nainital (India) R. No. 12(10) 2000

NOTARIAL CANCELLED NOTARIAL

----------Please write or type below this line----------

Principal
Govt. Girls P. G. College
Haldwani (Nainital)

Statutory Alert:

1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority

## अनुबध पत्र

यह विलेख दिनांक 01-02-2022 को ई ० प्रि ० रा ०स्ना०वा ०म० महाविद्यालय हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखंड जिसे आगे महाविद्यालय कहां जाएगा/प्रथम पक्ष तथा निर्मल सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखंड जिसे आगे संस्था कहा जाएगा/द्वितीय पक्ष के बीच निष्पादित होगा।

अतः यह विलेख साक्षी है कि

1.मुख्यमंत्री नवाचार योजना के अंतर्गत जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में अवस्थित महाविद्यालय की 50 छात्राओं को मूल्य वर्धित ऐपण का प्रशिक्षण निम्न तालिका के अनुसार प्रदान करेगी।

| क्रम संख्या | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | प्रशिक्षण की अवधि | प्रशिक्षण शुल्क | | कुल प्रशिक्षण शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मूल्य वर्धित ऐपण कला | 01 माह | 1-कुल मानदेय-<br>2-किट का कुल मूल्य-<br>3-रॉ मटेरियल-<br>4-एक्सपोज़र विजिट- | 82500=00<br>50000=00<br>30000=00<br>10000=00 | 172500=00 |

2. संस्था द्वारा पूर्व में (प्रस्ताव के साथ) उपलब्ध कराए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का संपादन करेगा।

3. संस्था के पास प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु पर्याप्त संस्थान (प्रस्ताव के अनुरूप )एवं प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों का बायोडाटा उपलब्ध कराएगा ।

4. संस्था प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण से संबंधित संपूर्ण सामग्री उपलब्ध करवाएगी ।

5. संस्था प्रत्येक सप्ताह के अंत में प्रशिक्षण की प्रगति आख्या यथा उपस्थिति का विवरण उपस्थिति काप्रतिशत स्वयं के हस्ताक्षर सहित समिति को उपलब्ध कराएगी एवं प्रत्येक दिवस से संबंधित कार्यकलापों को समाचार पत्रों में भी प्रकाशित करवाएगी ।

6.संस्था प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही उद्यमिता ,कौशल एवं विकास संबंधी जानकारी भी प्रदान करेगी ।

7. प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रशिक्षणार्थी को कोई भी छात्रवृत्ति/ मानदेय /यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता देय नहीं होगा ।

8.संस्था के प्रशिक्षकों को पूर्व में निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई भत्ता अथवा शुल्क देय नहीं होगा ।

9. प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन समय–समय पर प्राचार्य /नवाचार क्लब द्वारा किया जाएगा एवं आंख्या भी महाविद्यालय /नवाचार क्लब को उपलब्ध कराई जाएगी ।

Principal
Govt. Girls P. G. College
Haldwani (Nainital)

Scanned with CamScanner

10. संस्था प्रत्येक छात्रा का स्थाई पता , पत्राचार का पता, दूरभाष/ व्हाट्सएप नंबर पंजिका में दर्ज करेगी व भविष्य में महाविद्यालय द्वारा मूल्यांकन करने की स्थिति में मूल्यांकन कर्ताओं को उपलब्ध कराएगी , साथ ही समुचित सहयोग प्रदान करेगी।

11. प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत संस्था द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा जिस पर संस्था के अध्यक्ष/ सचिव के साथ ही महाविद्यालय प्राचार्य के हस्ताक्षर होंगे।

12. प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत स्व रोजगार योजना के अंतर्गत लाभान्वित कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण देने वाली संस्था का यह दायित्व होगा कि वह प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के संबंध में जानकारी देंगे ।

13. संस्था प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण स्थल जो कि महाविद्यालय की संपत्ति है के रखरखाव, सफाई व्यवस्था एवं क्षति की स्थिति में मरम्मत एवं अनुरक्षण के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहेगी।

14. प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्था द्वारा स्वयं के साथ–साथ प्रशिक्षुओं से भी केंद्रः राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 से संबंधित जारी दिशा निर्देशों का अक्षशः पालन कराएगी।

15. कोविड–19 संक्रमण फैलने ध्संक्रमण की स्थिति में प्रस्ताव के समय दी गई कार्य योजना के अनुरूप ही संस्था द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करवाया जाएगा ।इस परिवर्तन की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा संस्था को किसी भी प्रकार की क्षति पूर्ति एवं व्यय की भुगतान नहीं किया जाएगा।

16. संस्था के प्रशिक्षकों का **कोविड 19** टीकाकरण होना अनिवार्य होगा जिसका प्रमाण पत्र उन के बायोडाटा के साथ ही उपलब्ध कराना होगा ।

17. प्रशिक्षण कार्यक्रम के संपूर्ण व्यय का भुगतान उत्तराखंड द्वारा जारी शासनादेश एवं वित्तीय नियमों का अनुपालन करते हुए प्रशिक्षण समाप्ति के बाद संस्था के द्वारा बिल उपलब्ध कराने के पश्चात निश्चित प्रक्रिया के पूर्ण होने के उपरांत ही किया जाएगा।

18. संस्था द्वारा अंतिम भुगतान हेतु जारी अपने शुल्क मांग पत्र के साथ प्रशिक्षण अवधी की रिकॉर्डिंग (सी0डी0 ) भी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ।

19.संस्था द्वारा उक्त अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर अथवा कोई अनियमितता बरतने पर महाविद्यालय को अनुबंध विच्छेदन करने का अधिकार होगा साथ ही ऐसी स्थिति में किसी भी धनराशि का भुगतान नहीं किया जाएगा ।

Principal
Govt. Girls P. G. College
Haldwani (Nainital)

Scanned with CamScanner

20.संस्था सहमत है कि अनुबंध का न्यायिक क्षेत्र हल्द्वानी होगा , अनुबंध के प्राविधानों एवं अन्य किसी भी विवाद की स्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं नवाचार क्लब का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

21. यह अनुबंध निम्नलिखित साक्ष्यों के समक्ष दिनांक 01/02/22 को उक्त पक्ष द्वारा हस्ताक्षरित किया गया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु उक्त पक्ष स्वेच्छा से यह अनुबंध करते हैं कि अनुबंध का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

प्राचार्य

ई ० प्रि ० रा ०स्ना०वा ०म०
महाविद्यालय हल्द्वानी नैनीताल

Principal
Govt. Girls P. G. College
Haldwani (Nainital)

अध्यक्ष/सचिव

निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट
सोसाइटी हल्द्वानी नैनीताल

Nirmala Social Research &
Development Society
Laldanth, Haldwani (Nainital)

साक्षी:01:
(डॉ० रितुराज पन्त)
नोडल अधिकारी (नवाचार क्लब)
इ० प्रि०रा०स्ना०वा०म०म० हल्द्वानी

साक्षी:02:
(SONI BISHT)
W/O MR. MOHIT, MALLA BYURA,
KATHGODAM (NTL) UK

IDENTIFIED BY

ATTESTED
Waseem Ahmad
Notary Advocate
HALDWANI (Nainital)
(U.K.) India
01/02/2022

NOTARY UTTARAKHAND
R. No. [illegible](16) 200[illegible]

Scanned with CamScanner